ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
प्रो. रजनीश जैन
सचिव
Prof. Rajnish Jain
Secretary

सत्यमेव जयते

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
बहादुरशाह जफ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Ph :. 011-23236288/23239337
Fax : 011-2323 8858
E-mail : secy.ugc@nic.in

मि.सं.1–14/2020 (वेबसाइट)

19.03.2020

विषयः– नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) के बारे में बरती जाने वाली सावधानियां।

संदर्भः सचिव (एचई)/एमएचआरडी/2020 पत्र दिनांक 18.03.2020

आदरणीय महोदया/महोदय,

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग समय–समय पर विश्वविद्यालयों और उनके सम्बद्ध महाविद्यालयों को नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) के रोकथाम–संबंधी उपायों के लिए आवश्यक परामर्श पत्र (05.03.2020 एवं 14.03.2020) जारी करता रहा है।

इसके अतिरिक्त, उपरोक्त संदर्भ में, सचिव, उच्चतर शिक्षा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त 18 मार्च, 2020 के पत्र में निर्देश दिया गया है कि कोविड–19 से उत्पन्न स्थिति का सामना करने के लिए शिक्षण संस्थानों द्वारा पर्याप्त रोकथाम–संबंधी उपाय किए जाएं। अतः अपेक्षित है कि सभी विश्वविद्यालय बचाव–संबंधी निम्नलिखित उपाय करें:–

1. विश्वविद्यालय में चल रही सभी परीक्षाओं को स्थगित कर 31 मार्च, 2020 के बाद पुनर्निर्धारित किया जाए।
2. सभी मूल्यांकन कार्यों को स्थगित कर 31 मार्च, 2020 के बाद पुनर्निर्धारित किया जाए।
3. सभी शैक्षणिक संस्थान इलेक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा छात्रों और शिक्षकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें और उनको पूर्ण रूप से सूचना देते रहें ताकि छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को कोई चिन्ता न हो।
4. सभी शैक्षणिक संस्थान हेल्पलाइन नंबर/ईमेल की सूचना दें जिससे छात्रों को उनके प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हो सकें।

सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से अनुरोध कि वे छात्रों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को परामर्श दें कि वे घबराएं नहीं और कोविड–19 से बचाव के लिए रोकथाम एवं बचाव–संबंधी उपाय करें।

सादर,

भवदीय,

रजनीश

(रजनीश जैन)

<u>सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति।</u>